# राजकीय महाविद्यालय करसोग
## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

# वार्षिक प्रतिवेदन
## (2016-17)

# वार्षिक प्रतिवेदन

(अकादमिक सत्र: 2016-17)

राजकीय महाविद्यालय करसोग के 23वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि आदरणीय श्री मनसा राम जी, माननीय मुख्य संसदीय सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, का इस समारोह में स्वागत है।

स्वागत है समस्त गणमान्य अतिथिगण, अभिभावक-अध्यापक संघ के पदाधिकारी, सदस्य, प्राध्यापकवृन्द, कर्मचारी वर्ग, एवं प्रिय विद्यार्थियों का। आज महाविद्यालय परिसर में प्रदेश के अनुभवी, कर्मठ व् प्रतिभावान नेता श्री मनसा राम जी के आगमन पर हम गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से मनसा राम जी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समरोह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसमें होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मान्नित किया जाता है।

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर महाविद्यालय ने निरंतर उन्नति की है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज़ हैं। महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या 187 थी जो वर्तमान में 1926 हो गयी है। विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं भी चल रही हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में इस क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है। वर्तमान में महाविद्यालय में Choice Based Credit System (CBCS) एवं सत्र प्रणाली के तहत तीनों संकायों के 18 विषयों में स्नातक स्तर तथा अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## विकासात्मक कार्य

मान्यवर, महाविद्‌यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि गत वर्ष प्रदेश सरकार द्‌वारा हमारे महाविद्‌यालय का चयन राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली आधारभूत अधोसरंचना अनुदान राशि के लिए किया गया जिसमें इस पंचवर्षीय योजना के अंतिम दो वर्षों में महाविद्‌यालय को कुल दो करोड़ रुपए विकासात्मक कार्यों के लिए प्राप्त होने हैं। गत वर्ष 50 लाख रुपए की राशि पहली किश्त के रूप में प्राप्त हुई जिसका पूर्ण उपयोग किया जा चुका है। वर्ष 2016-17 के दौरान महाविद्‌यालय को RUSA के अंतर्गत द्‌वितीय क़िस्त 1 करोड़ रुपये की प्राप्त हुई। इसमें से 25 लाख की राशी लो० नि० वि० दूसरी क़िस्त के रूप में नए भवन के निर्माण के लिए दी गयी है और आशा है कि शीघ्र ही प्रस्तावित भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बाकी दूसरी किश्त के 75 लाख रुपये विभिन्न कार्यों एवम उपकरणों की खरीद पर खर्च किये गए। इसके अन्तर्गत Language Lab Software, Tally PRO Software, IT Lab Software, MS Office, Solar Water Heating System, Water Cooler, Public Address System, Language Lab/ Library Furniture और 5 फैकल्टी रूम की व्यवस्था की गयी। प्राप्त हुई धनराशी से संगीत वाद्‌ययंत्र, 2 डिज़िटल पोडियम, जीव व् वनस्पति विभाग, भौतिक विज्ञान विभाग, रसायन विभाग और भूगोल विभाग की प्रयोगशालाओं के लिए उपकरण खरीदे गए। लाइब्रेरी, लैंग्वेज लैब तथा फैकल्टी रूम के लिए कंप्यूटर और खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए कबड्डी मैट खरीदे गए। लो० नि० वि० को 17, 65, 721 रूपये और जल, सिंचाई और जन स्वास्थ्य विभाग (IPH) को 2, 31, 570 रूपये प्रस्तावित निर्माण एवम मुरम्मत कार्यों हेतु दे दिए गए हैं और हमें आशा है की शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। इसमें सम्मिलित कार्यों में महाविद्‌यालय कन्या छात्रावास की सुरक्षा दीवार (Boundary Wall) को ऊँचा किया जाना व सेफ्टी टैंक को बनाना, महाविद्‌यालय की पेंटिंग और वाइटवाश और वाटर सप्लाई लाइन तथा स्टोरेज टैंक निर्माण प्रस्तावित है। जब RUSA Grants की बकाया राशि प्राप्त होगी तब महाविद्‌यालय में अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जानी प्रस्तावित है ताकि महाविद्‌यालय की अधोसरंचना सुदृढ़ हो सके और विद्‌यार्थिओं को पढ़ाई हेतु अच्छा वातावरण उपलब्ध हो सके।

## कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्‌यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर चले जाते हैं।

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्‌यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए:

| क्र० सं० | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ से स्थानांतरित होकर आए |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. जनेश कपूर | सह आचार्य (अंग्रेजी विभाग) | राजकीय महाविद्‌यालय, सोलन |
| 2 | डॉ. त्रिलोक सिंह | सह आचार्य (गणित विभाग) | राजकीय महाविद्‌यालय, ऊना |
| 3 | श्री सुदामा राम | सह आचार्य (भूगोलशास्त्र विभाग) | राजकीय महाविद्‌यालय, बिलासपुर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्री बीरबल सिंह | सहायक आचार्य (संस्कृत विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट |
| 5 | डॉ. प्रेम प्रकाश | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, आनी |
| 6 | श्री नन्द किशोर | वरिष्ठ सहायक | रा. व. मा. विद्यालय, शंकरदेहरा |
| 7 | श्री नरेश कुमार | सेवादार | रा. व. मा. विद्यालय, खन्योल बगड़ा |
| 8 | श्रीमती कौशल्या | सेवादार | रा. व. मा. विद्यालय, शेंघल |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से जिन सदस्यों का स्थानांतरण हुआ:

| क्र० सं० | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ स्थानांतरित हुए |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. सुधीर कुमार | सहायक आचार्य (भूगोलशास्त्र विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, कुकुमसेरी |
| 2 | डॉ. प्यारे लाल | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, आनी |
| 3 | डॉ. विनय किशोर | सहायक आचार्य (संस्कृत विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट |
| 4 | श्रीमती प्रोमिला | सहायक आचार्य (गणित विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, ऊना |
| 5 | डॉ. अतुल | सहायक आचार्य (रसायन विभाग) | राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 6 | श्री बृजभूषण | वरिष्ठ सहायक | राजकीय व० मा० पाठशाला, शंकरदेहरा |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 29 पदों में से 17 पद कला संकाय, 10 पद विज्ञान व् 2 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 17 पदों में से 13 पद भरे गये हैं, शेष 4 पद रिक्त हैं। विज्ञान संकाय में 10 पदों में से 7 पद भरे गये हैं, शेष 3 पद रिक्त हैं। वाणिज्य संकाय में 2 पदों में से एक पद रिक्त हैं। गैर शिक्षक 23 पदों में 19 पद भरे गये हैं,शेष 4 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों में वरिष्ठ और कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक का 1-1 पद, तबला वादक का 1 पद व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं।

## केंद्रीय छात्र संघ

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 2016 में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को अकादमिक वरीयता के आधार पर मनोनित किया गया व उन्हें विधिवत शपथ दिलाई गयी। 2016-17 के केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारी निम्न हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री हितेश कुमार, (विज्ञान संकाय) | प्रधान |
| 2 | पवना कुमारी, (कला संकाय) | उप-प्रधान |
| 3 | दीपा कुमारी, (कला संकाय) | सचिव |
| 4 | लीलाधर (वाणिज्य संकाय) | सहसचिव |

## विद्यार्थियों की संख्या

वर्तमान में महाविद्यालय में 1926 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 1035 छात्राएं तथा 891 छात्र हैं। अनुसूचित जाति में 136 छात्राएं व् 134 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 36 छात्र व् 38 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| कक्षा | कुल छात्र | | | कुल छात्राएं | | | कुल छात्र /छात्राएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
| बी.ए. I | 169 | 185 | 214 | 210 | 243 | 300 | 379 | 428 | 514 |
| बी.ए. II | 144 | 150 | 147 | 181 | 193 | 238 | 325 | 343 | 385 |
| बी.ए. III | 145 | 121 | 138 | 169 | 188 | 191 | 314 | 309 | 329 |
| बी.एस.सी. I | 96 | 66 | 88 | 79 | 73 | 69 | 175 | 139 | 157 |
| बी.एस.सी. II | 52 | 82 | 54 | 48 | 58 | 63 | 100 | 140 | 117 |
| बी.एस.सी. III | 27 | 50 | 77 | 45 | 46 | 59 | 72 | 96 | 136 |
| बी.कॉम I | 34 | 59 | 66 | 26 | 21 | 41 | 60 | 80 | 107 |
| बी.कॉम. II | 33 | 30 | 60 | 27 | 27 | 23 | 60 | 57 | 83 |
| बी.कॉम. III | 54 | 32 | 28 | 40 | 21 | 28 | 94 | 53 | 56 |
| एम० ए० (अंग्रेजी) - I | 09 | 11 | 12 | 15 | 16 | 07 | 24 | 27 | 19 |
| एम० ए० (अंग्रेजी) - II | 04 | 09 | 07 | 19 | 17 | 16 | 23 | 26 | 23 |
| कुल | 767 | 795 | 891 | 859 | 903 | 1035 | 1626 | 1698 | 1926 |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है। गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| Class | College % | University % | Variation % |
|---|---|---|---|
| M.A. English | 100% | NA | NA |
| B.A./B.Sc./B.Com. First Semester | Choice Based Credit System (CBCS) प्रणाली के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न सत्रों की परीक्षाओं में अच्छे ग्रेड्स प्राप्त किये हैं। | | |

## छात्रवृतियां

महाविद्यालय में सत्र 2016-17 में 505 छात्र-छात्राओं को छात्रवृतियां प्रदान की गयी। वितरित की जा रही छात्रवृतियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

| क्र० सं० | छात्रवृति योजना का नाम | छात्रों की संख्या | राशी (रूपए) |
|---|---|---|---|
| 1 | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 69 | 10,35,000 |
| 2 | अनुसूचित जाति (SC) | 113 | 5,26,108 |
| 3 | IRDP | 43 | 51600 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 16 | 57,886 |
| 5 | अनुसूचित जाति (ST) | 1 | 5680 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | डॉक्टर अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना | 263 | 9,65, 568 |
| | | **कुल** | 26, 41, 842 |

## महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा"

महोदय, महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस पत्रिका में विद्यार्थियों को छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है। कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उद्‌दगारों को व्यक्त करते हैं।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,726 पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रजी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है।

## अभिभावक-शिक्षक संघ

इस महाविद्यालय में अभिभावक - शिक्षक संघ का विधिवत गठन अभिभावक-शिक्षक संघ के मुख्य सरंक्षक प्राचार्य महोदय की देख-रेख में हुआ। इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री हरिओम गुप्ता |
| उपाध्यक्ष | श्री नवीन गुप्ता |
| सचिव | डॉ. गुलशन महाजन |
| सह सचिव | श्रीमती शीला देवी |
| कोषाध्यक्ष | श्री तारा चन्द |
| सलाहकार | श्री जोगिन्दर पाल |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 7 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सुचारू सञ्चालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय भवन में एक कमरा निर्मित किया गया।

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ

शिक्षा का उद्‌देशय विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें। शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य

गतिविधियों का आयोजन करता रहता है । इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महावियालय में अनेक गतिविधियों में प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया ।

## ड्रमैटिक क्लब

प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र में भी महाविद्यालय में सितम्बर मास में ड्रमैटिक क्लब के समन्वयक श्री कुलभूषण शर्मा द्वारा संचालित रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 30 छात्र तथा छात्राओं ने रंगमंच के गुर सीखे । इस कार्यशाला में नव रंगकर्मियों ने अभिनयकला की बारीकियों- आंगिक- वाचिक अभिनयपक्ष व् संवाद पर काम करते हुए अपने अंदर के कलाकार को जगाने का प्रयास किया ।कार्यशाला में नाटक 'कबीरा खड़ा बाज़ार में' का मंचन किया गया । ड्रमैटिक क्लब के कलाकारों ने महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी कला के माध्यम से सभी का मनोरंजन करते हुए अपना रंगकर्म निभाया ।

## साहित्य परिषद्

साहित्य परिषद के अंतर्गत हिंदी विभाग के द्वारा 14 सितंबर, 2017 को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, काव्य-पाठ व् प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करसोग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए।

## रेड रिबन क्लब

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेड रिबन क्लब द्वारा क्लब के समन्वयक डॉ० राजेन्दर प्रकाश के मार्गदर्शन में एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कमल कान्त जी ने की। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल के श्री हेत राम ठाकुर ने विद्यार्थियों को AIDS के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता व् चित्रकला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से लेकर बस स्टैंड तक एड्स जागरूकता रैली निकाली।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई द्वारा 21 जून 2016 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।

## जे० सी० बोस साइंस सोसाइटी

महाविद्यालय की जे० सी० बोस साइंस सोसाइटी द्वारा "State Institute of Health and Family Welfare, Shimla" के सौजन्य से, प्राचार्य की अध्यक्षता में दिसंबर, 2016 को थैलसीमिया जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गयी और उन्हें थैलेसीमिया के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गयी। ।।

## वाणिज्य परिषद

वाणिज्य परिषद् द्वारा दिसंबर माह में वितीय साक्षरता अभियान (Financial Literacy by MHRD) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत Cashless Economy, Paytm, Online Banking के बारे में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये और स्वैच्छिक तौर पर MHRD की website पर अपने आप को पंजीकृत किया और जानकारी को गाँव-गाँव तक पहुँचाने में सहयोग दिया। इस अवसर पर डॉ. जनेश कपूर (सह आचार्य, अंग्रेजी विभाग) व श्री कृष्ण चन्द बड़ोगा ने भी विद्यार्थयों को वितीय साक्षरता के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## इको क्लब

हिमाचल प्रदेश विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण परिषद द्वारा प्रेरित इको क्लब ने ओजोन दिवस मनाया। इको क्लब ने पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, महाविद्यालय परिसर को साफ़- सुथरा बनाये रखने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

## WOMEN CELL (**महिला प्रकोष्ठ**)

महाविद्यालय के Women Cell द्वारा 22 दिसंबर, 2016 को राज्य महिला आयोग, हिमाचल प्रदेश, शिमला के सौजन्य से महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजिय किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य मुख्यातिथि थे। महिला सशक्तिकरण पर सम्भाषण एवम निबंध-लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गयी और विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। Women Cell ने 8 मार्च, 2017 को एन० एन० एस०. इकाई के कार्यक्रम के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया गया।

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया। इस सत्र में महाविद्यालय ने हि० प्र० विश्वविद्यालय युवा उत्सव, समूह-I (सृजनशीलता) में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हि. प्र. विश्वविद्यालय युवा महोत्सव-II, III और IV में भाग लिया।

## **एन० सी० सी०** (NCC)

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में हमारे महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:

1. हमारे महाविद्यालय के 12 छात्रों ने NCC "C" तथा 23 कैडेट्स ने NCC "BEE" सर्टिफिकेट के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लिया ।
2. 30 मई, 2016 से 8 जून, 2016 और 9 जून, 2016 से 18 जून, 2016 तक हमारे महाविद्यालय में दो संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को एन. एन. सी. की 1 HP (Boys) Battalian Solan ने आयोजित किया जिसमें प्रदेश के लगभग 1200 Cadets ने भाग लिया।
3. महाविद्यालय के 1 कैडेट ने अगस्त, 2016 में 6 HP(Independent) Company, NCC Una द्वारा आयोजित Thal Sena Selection Camp में भाग लिया ।
4. महाविद्यालय के 6 कैडेट्स ने 5-14 सितम्बर 2016 तक 9 डोगरा रेजिमेंट सोलन द्वारा आयोजित Army Attachment Camp में भाग लिया और 4 कैडेट्स ने 7HP (Independent) Company NCC, Shimla द्वारा आयोजित Army Attachment Camp, जतोग, शिमला में भाग लिया।
5. महाविद्यालय के 8 कैडेट्स ने अक्टूबर, 2016 में 2HP Battalian NCC Mandi द्वारा शाह तलाई में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में चुनाव के लिए आयोजित कैंप में भाग लिया ।
6. महाविद्यालय के 8 कैडेट्स ने 23 दिसंबर, 2016 से 3 जनवरी, 2017 तक जमशेदपुर, झारखण्ड में बिहार और झारखंड निदेशालय की 36 बिहार NCC Battalian तथा Group Headquater रांची द्वारा आयोजित NIC में भाग लिया।

मान्यवर, महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि हमारे Cadets डोला राम, किरण कुमार और मुकेश कुमार का चयन भारतीय सेना के लिए हुआ। इसके अतिरिक्त हमारे कैडेट्स ने प्रत्येक गतिविधि, जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतन्त्रता दिवस परेड में बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

## **राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS)

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, जागरूकता व् पौधारोपण में सक्रिय भाग लिया । इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. एन. एस. एस. स्टेट मेगा कैंप (NSS State Mega Camp): महाविद्यालय के एन. एस. एस. इकाई के अंजना, प्रितिका, अर्चना, मोनिका, अश्वनी, मणिकांत, कमल और योगेंद्र ने राजकीय महाविद्यालय, आनी में आयोजित स्टेट एन. एस. एस. मेगा कैंप में 26 सितंबर, 2016 से 2 अक्टूबर, 2016 तक भाग लिया। अंजना और अश्वनी ने कैंप के दौरान रक्तदान भी किया और अंजना को Best in Overall Performance, अश्वनी और मोनिका को सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए Best Volunteers चुना गया।
2. सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारम्भ हुआ। महाविद्यालय परिसर में 24 दिसंबर, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 तक कार्यक्रम प्रभारी श्री कुलभूषण शर्मा के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण को विस्तृत किया तथा क्यारियां बनायीं व् स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय प्रांगण के सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया और समाज में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित करते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान के तहत उन्हें जागरूक किया और ममलेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर ममेल तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय करसोग, पुराना बाज़ार करसोग में श्रमदान किया। शिविर में सांध्यकालीन सत्र में स्वयंसेवियों के लिए व्यक्तित्व संवर्धन हेतु कार्यक्रम रखे गए जिसमें डॉ० जनेश कपूर (अंग्रेजी विभाग) ने विद्यार्थयों को समाज के प्रति सजग रहते हुए उन्हें सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत स्वयंसेवियों को डॉ० रविंदर कौंडल व् श्री जोगिन्दर शर्मा ने भी महत्पूर्ण जानकारी दी।
3. राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस: स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का भी सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवियों ने काव्य-पाठ के माध्यम से देश की समसामयिक समस्याओं को उजागर किया। 08 मार्च, 2017 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्यनाटिकायों के माध्यम से अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने व् सौहार्दपूर्ण जीवनयापन का सन्देश दिया।
4. राष्ट्रीय युवा महोत्सव: महाविद्यालय के चन्द्रमोहन ठाकुर और मोनिका सोनी ने रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव शिविर में 11 जनवरी, 2017 से 17 जनवरी, 2017 तक भाग लिया।

इसके अतिरिक्त हमारे स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित की।

## **रोवर्ज एण्ड रेंजर्स** (R&R)

महाविद्यालय में ये इकाई श्री पंकज गुप्ता व् श्रीमती निधि कपूर के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। इस सत्र में रोवर्ज एण्ड रेंजर्स की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स ने 1 अगस्त, 2016 को World Scarf Day मनाया।
2. 15 रोवर्ज़ ने करसोग में 15 अगस्त, 2016 को परेड में भाग लिया।
3. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स ने महाविद्यालय में 16-31 अगस्त, 2016 स्वच्छता और श्रमदान के 23 घंटे की कार्य-अवधि पूर्ण की।
4. 5 रोवर्ज एण्ड 5 रेंजर्स ने नवरात्रों के दौरान सनारली माता मंदिर में सेवा प्रदान की।
5. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स ने नगर निगम, शिमला के सौजन्य से आयोजित थैलेसेमिया कार्यक्रम में ब्लड सैम्पल्स इक्कठे किये।
6. 20 रोवर्ज एण्ड 11 रेंजर्स ने रामपुर में आयोजित State Moot में भाग लिया और Poineering Project में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया
7. महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि हमारे 5 रोवर (लायक राम, संजय दत्त, अनिल, गिरिराज और विक्रांत) तथा 3 रेंजर्स (पूनम, सुनीता और सरोज) ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त हमारे रोवर एवं रेंजर्स ने विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की।

## खेलकूद गतिविधियाँ

अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।इस सत्र में महाविद्यालय द्वारा खेल कूद प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की गई:

1. इस सत्र में महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स में भाग लिया।
2. हमारे महाविद्यालय की खो-खो टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 21- 23, अक्टूबर, 2016 को राजकीय महाविद्यालय अर्की में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर् - महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में हमारे महाविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय के दो छात्रों विजय और विनोद का चयन अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता, जालंधर के लिए हुआ।

## शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

- **डॉ० जनेश कपूर (अंग्रेजी विभाग)** का शोधपत्र "Narrative Levels and Voices in Toni Morrison's *The Bluest Eye*", The Criterion: An International Journal in English में फरवरी 2017 में प्रकाशित हुआ।

- डॉ॰ जनेश कपूर ने 03-05 मार्च, 2017 में Multi-Ethnic Literatures of the World (MELOW), India द्वारा आयोजित अंतर-राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Narrativizing the Materiality of the Past in Amitav Ghosh's Sea of Poppies and the Great Derangement" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ॰ जनेश कपूर ने 07 मार्च, 2017 में आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में आयोजित अंतर-राष्ट्रीय कार्यशाला "The Poetics and Politics of Translation" में "Translation as (Im)possibility" नामक वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- डॉ॰ जनेश कपूर ने 08-09 मार्च, 2017 में आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में आयोजित अंतर-राष्ट्रीय संगोष्ठी 'Literary Discourse Across Cultures' में "Revisiting Literary Discourse: East-West Interface" वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- **श्री सुदामा राम** (**भूगोल**) ने नवम्बर को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित 'Vision 2030: Strategies for Industries and Academia' राष्ट्रीय संगोष्ठी में और दिसम्बर माह में 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्टी में भाग लिया
- **डॉ॰ गुलशन महाजन (सहायक आचार्य - भौतिक विज्ञान)** ने 5-9 दिसंबर, 2016 तक Bhava Atomic Research Centre द्वारा Saha Institute of Nuclear Physics, Kolkatta में आयोजित पांच दिवसीय संगोष्ठी में भाग लिया और शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ॰ गुलशन महाजन ने ब्रिटिश कौंसिल द्वारा 22-25 जनवरी, 2017 में आयोजित "Research Based Pedagogigal Tools" विषय पर IISER, मोहाली में प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- डॉ॰ गुलशन महाजन ने भौतिक विज्ञानं विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में 17-18 मार्च, 2016 को बतौर आमन्त्रित वक्ता "Constarints on Equation of State from recently observed massive stars" नामक वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- **डॉ॰ यमुना शर्मा (सहायक आचार्य - शारीरिक शिक्षा)** का चयन All India Inter- University Athletic Meet, अन्ना विश्वविद्यालय (चेन्नई) के लिए हुआ।
- **श्री कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य - अंग्रेजी)** ने जनवरी 27-28, 2017 को St. Xavier's College, Jaipur, राजस्थान द्वारा आयोजित "Literature as Cartography of Emotions: Ways of Being and Belonging" विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ""Crafting Identity: The Construction of Masculinities in Bond" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- श्री कुलभूषण शर्मा ने जनवरी 27-28, 2017 को डी. ए. वी. कॉलेज जगरांव, लुधियाना में आयोजित ""Literary Trends from Traditon to Modernity"- राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Breaking Silence: Narrating Partition in Khushwant Singh's *Train to Pakistan'* नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- श्री कुलभूषण शर्मा ने मार्च 12 -13, 2017 को राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आयोजित "Woman in Conflict Zone" राष्ट्रीय संगोष्ठी में ""Woman in Conflict: The Journey from Womanhood to Selfhood in Manju Kapur's A Married Woman' विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
- इसके अतिरिक्त इनका शोधपत्र 'Bond with the Best: Himalayan Sensibilities in Bond', Himalayan Studies के journal में प्रकाशित हुआ ।
- श्री कुलभूषण शर्मा की दो कविताएं 'Mountains Calling' और 'Real', *Creative Corner: Crafting Emotions* नामक पुस्तक में प्रकाशित हुईं ।
- श्री कुलभूषण शर्मा ने 6 जून, 2016 को हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी, शिमला द्वारा आयोजित ऐतिहासिक गेयटी थिएटर, शिमला में *रंगमंच व्याख्यान एवं रंगकर्मी सम्मलेन* में भाग लिया ।
- श्री कुलभूषण शर्मा ने 27 जून, 2016 से 3 जुलाई, 2016 तक Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development, Regional Centre, चंडीगढ़ द्वारा "Training of Trainers on Effective Facilitation Skills" में एन. एस. एस. कार्यक्रम प्रभारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।
- श्री कुलभूषण शर्मा ने 26 सितंबर, 2016 से 2 अक्टूबर, 2016 तक राजकीय महाविद्यालय, आनी में आयोजित स्टेट एन. एस. एस. मेगा कैंप में बतौर NSS Incharge भाग लिया ।
- श्री कुलभूषण शर्मा 4-5 नवम्बर, 2016 को IGNOU, Regional Centre, करनाल द्वारा 'अंग्रेजी कार्यक्रम के शैक्षिक परामर्शदाताओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम' में भाग लिया ।
- **डॉ॰ राजेन्द्र प्रकाश (सहायक आचार्य - वनस्पति विज्ञान)** ने CSIR – National Botanical Research Institute, Lucknow द्वारा 3-10 नवम्बर, 2016 के मध्य आयोजित कार्यशाला "Classical and Modern Methods in Plant Taxonomy and Biosystematics" में भाग लिया ।
- महाविद्यालय के सहायक आचार्यों श्री पंकज गुप्ता (सहायक आचार्य- जीव विज्ञान), श्री मति निधि कपूर गुप्ता (सहायक आचार्य- भौतिक विज्ञान) और सुश्री किरण कुमारी (सहायक आचार्य- जीव विज्ञान) ने 1 नवम्बर, 2016 से 28 नवम्बर, 2016 तक अकादमिक स्टाफ कॉलेज, पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में प्रशिक्षण लिया ।
- **श्री कमलेश कुमार (सहायक आचार्य- राजनीतिक शास्त्र)** ने राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालय धर्मशाला में मई माह में आयोजित दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाविद्यालय के समक्ष चुनौतियाँ एवं अपेक्षाएं

मान्यवर, मैं आपका ध्यान इस महाविद्यालय की मूलभूत समस्यायों की ओर लाना चाहता हूँ:

1. महाविद्यालय में समय – समय पर विभिन्न आयोजन किये जाते हैं जिसके लिए एक सभागार की समुचित व्यवस्था का होना नितांत आवश्यक है । इस सम्बन्ध में मध्य के कोर्ट यार्ड में छत लगाने के लिए लागत के अनुमान के लिए लो० नि० वि० को लिखा है परंतु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

2. वर्तमान में विभिन्न आयोजनों के लिए एक समुचित मंच की व्यवस्था अनिवार्य है जिसके लिए महोदय ने गत वर्ष 5 लाख की राशि खंड विकास अधिकारी को दी गयी है, परंतु निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।

3. Choice Based Credit System (CBCS) के तहत महाविद्यालय में रिक्त पदों के कारण बहुत समस्या आ रही है । वर्तमान में अंग्रेजी और रसायन विज्ञान में 1-2 तथा राजनीतिक शास्त्र, लोक प्रशासन, इतिहास, वनस्पति विज्ञान और वाणिज्य में एक - एक पद रिक्त है जिन्हे जल्द से जल्द भरा जाना अति आवश्यक है ताकि अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल सके ।

4. CBCS एवं छात्रों की संख्या को देखते हुए सभी विषयों में कम से कम एक - एक अतिरिक्त पद सृजित करना अति आवश्यक है ताकि महाविद्यालय में पढ़ाई सुचारू ढंग से की जा सके।

5. महाविद्यालय प्राचार्य-आवास का निर्माण-कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाना अपेक्षित है जिसके लिए पहले ही लोक निर्माण विभाग के पास लंबे समय से २६ लाख रुपये की राशि जमा पड़ी है।

6. महाविद्यालय में छात्रों के लिए छात्रावास तथा कर्मचारी आवास के लिए कोई उपयुक्त स्थान का प्रावधान करके निर्माण कार्य करवाया जाना अपेक्षित है ।

7. एक तीन मंजिल के नए भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसकी कुल अनुमानित लागत 3.17 करोड़ है और प्रथम तल के लिए 70 लाख की राशि RUSA के अन्तर्गत उपलब्ध है और इसमें से 50 लाख रुपये पहले ही लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवाये जा चुके हैं। निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में अनुमानित लागत की शेष राशी 2.47 करोड़ रूपए का प्रावधान करने के लिए विभाग को 2 – 3 बार लिखा जा चुका है परंतु कोई कार्यवाही इस सम्बन्ध में अभी तक नहीं हुई है। महोदय से निवेदन है कि वे अपनी संस्तुति विभाग को दें ताकि एक नए भवन की सम्पूर्ण व्यवस्था हो सके। इस

अतिरिक्त भवन की बढ़ी हुई छात्र संख्या और प्रस्तावित नए पाठ्यक्रमों के लिए अत्यंत आवश्यकता समझी जा रही है।

मान्यवर, सत्र 2016-17 का वार्षिक प्रतिवेदन विवरणिका के माध्यम से मैंने आपके समक्ष इस महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं समस्यायों की चर्चा की है। हमें पूर्ण आशा है की आप हमारी समस्यायों को व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में सम्मिलित करेंगे और हमें इस महाविद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय जी का यहाँ पधारने पर एक बार पुनः धन्यवाद करता हूँ। यहाँ पधारे गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे और देश व समाज के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

धन्यवाद!

जय हिन्द!